अमर उजाला | चित्रकूट
amarujala.com कानपुर | शुक्रवार, 18 जनवरी 2019

न्यूज डायरी

बंधुआ मजदूरों को छुड़वाया गया

चित्रकूट। जिले के 32 मजदूर जिनको अलीगढ़ जिले खैर तहसील के अंतर्गत एक गांव में बंधुआ मजदूरी कराई जाती रही है। उनको छुड़ाने का कार्य बंधुआ मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया। बंधुआ मुक्ति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दलसिंगार व जिला संयोजक संतोष कुमार ने बताया कि 14 जनवरी को जानकारी मिली की अलीगढ़ जिले खैरा तहसील अंतर्गत एक गांव में ईट भट्टा में काम कर रहे 32 मजदूर जिसमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल है। उनको बंधुआ बना लिया गया है। इसकी अधिकारियों को शिकायत की गई। सभी मजदूरों को मुक्त कराया गया। जिसमें चित्रकूट जिले के चुरेह केशरूवआ, मानिकपुर, व बांदा जिले के सिंहपुर माफी गांव के रहने वाले मजूदर थे।